

नवभारत
इंदौर, रविवार, 26 अक्टूबर 2025


एक नजर में

## कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने किया भाजपा की प्रदेश मंत्री संगीता सोनी का आत्मीय स्वागत



**झाबुआ।** संगठन में दायित्व मिलने के बाद भाजपा की प्रदेश मंत्री संगीता सोनी 25 अक्टूबर, शनिवार दोपहर मप्र शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया से मिलने उनके निवास पर पहुंची। यहां कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने भाजपा की प्रदेश मंत्री संगीता सोनी का अत्यंत ही आत्मीयता के साथ भावभरा स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि सोनी एक मात्र ऐसी नेत्री है, जिन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने विश्वास जताते हुए अपनी टीम में दोबारा प्रदेश मंत्री पद जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनके माध्यम से झाबुआ का प्रतिनिधित्व प्रदेश भाजपा संगठन में बरकरार रहा है। शनिवार को भाजपा प्रदेश मंत्री संगीता सोनी झाबुआ आई। इस दौरान उन्होंने राजगढ़ नाके पर पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां भाजपा पदाधिकारी-कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। बाद वे महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया के गोपाल कॉलोनी स्थित निवास पहुंची। जहां कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने गुलदस्ता भेंट करने के साथ पार्टी का दुपट्टा पहनाकर संगीता सोनी का स्वागत किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं प्रेषित की।

**संगठन को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा**-दोनों महिला नेत्रियों ने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लेते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की। इस मौके पर मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा ये हमारे जिले के लिए गर्व का विषय है कि पार्टी संगठन ने वरिष्ठ भाजपा नेत्री संगीता सोनी को प्रदेश संगठन में दूसरी बार महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की है। इसके जरिए पार्टी ने यह संदेश भी दिया है कि किस तरह संगठन महिला नेतृत्व को बढ़ावा दे रहा है।

**प्रदेश नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरेंगी**-प्रदेश संगठन में दायित्व मिलने पर संगीता सोनी ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया, जिला महामंत्री विजय चौहान एवं राजेश वसुनिया, जिला मंत्री बबलू सकलेचा, जिला पंचायत सदस्य विजय भाबर, बलवंत मेड़ा, रामा मंडल अध्यक्ष करण सिंह अमलियार, समाजसेवी विश्वास सोनी, भाजपा के पूर्व जिला कार्यालय मंत्री एवं वरिष्ठ पार्षद पं. महेन्द्रकुमार तिवारी, थांदला मंडल अध्यक्ष बंटी डामोर, झाबुआ नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर पाठक, मंडल महामंत्री राजेश थापा सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस महानिरीक्षक, इंदौर (ग्रामीण) जोन का दो दिवसीय झाबुआ दौरा – वार्षिक निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक



**झाबुआ.** 24 अक्टूबर को पुलिस महानिरीक्षक, इंदौर (ग्रामीण) जोन, इंदौर - अनुराग के दो दिवसीय झाबुआ दौरे के तहत पुलिस लाईन झाबुआ स्थित परेड ग्राउंड पर परेड का वार्षिक निरीक्षण पुलिस अधीक्षक झाबुआ शिव दयाल सिंह की उपस्थिति में किया गया। वार्षिक निरीक्षण परेड पर जिले मे पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारी सहित 200 अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। सलामी पश्चात पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा परेड ग्राउंड पर उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का निरीक्षण करते हुये अच्छे टर्नाउट वाले अधिकारियों/कर्मचारियो को पुरूस्कृत किया गया। साथ ही बलवा परेड का आयोजन भी किया गया।पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा परेड पर उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियो का दरबार भी पुलिस लाईन स्थित सामुदायिक भवन में लिया, एवं अधिकारी/कर्मचारियो की समस्यायें सुनी, जिनका त्वरित निराकरण करने हेतु सम्बंधित को आदेशित किया। रक्षित केंद्र झाबुआ की स्टोर शाखा, आर्मोरी शाखा, वाहन शाखा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण पश्चात कंट्रोल रूम झाबुआ पर पुलिस महानिरीक्षक महोदय ने वार्षिक समीक्षा बैठक ली उक्त बैठक में लंबित अपराधों एवं शिकायत की समीक्षा करते हुए त्वरित निराकरण करने व पेंडेंसी कम करने के उद्देश्य से समस्त एसडीओपी एवं थाना व चौकी प्रभारियों से सभी अनसुलझे व लंबित मामलों पर चर्चा कर निकाल हेतु महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। महिला संबंधी अपराधों एवं शिकायत पत्रों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के कड़े निर्देश दिये। जिले में लंबित समंस/वारंटों एवं सीएम हेल्पलाईन शिकायतों, एनसीआरपी पोर्टल, सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस महानिरीक्षक महोदय ने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करते हुए कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए सतर्कता, प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करे।

## शहर के वार्ड क्र. 18 में लगाया गया नि:शुल्क हेल्थ कार्ड कैंप

200 से अधिक लोगों के बनाए गए हेल्थ कार्ड, 25 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाकर वितरण कार्य हुआझाबुआ। शहर के वार्ड क्र. 18 में पशु चिकित्सालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क हेल्थ कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। यह कैंप वार्ड पार्षद नरेन्द्र राठौरिया के नेतृत्व एवं विशेष प्रयासों से वार्ड में आयोजित हुआ। जिसमें 200 से अधिक लोगों के नि:शुल्क हेल्थ कार्ड बनाए जाने के साथ 25 से अधिक हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदान किए गए।

नव भारत
झाबुआ में अखबार, विज्ञापन व समाचार हेतु संपर्क करें:
बाली न्यूज एजेंसी
(लक्की शर्मा झाबुआ जिला ब्यूरो)
मो. न.- 6260765562, 7470402906
कार्यालय -राजवाडा (झाबुआ)

# कल्याणपुरा में चोरी और आगजनी के बाद जनता का फूटा आक्रोश

## झाबुआ.. पूरे दिन सड़कों पर सैकड़ों लोगों की जमा रहीं भीड़, पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर मौका मुआयना किया

**झाबुआ। जिले के कल्याणपुरा क्षेत्र में बीती रात हुई चोरी एवं आगजनी के बाद आमजन का आक्रोश फूट पड़ा है और क्षेत्र के लोगों ने शनिवार को दिनभर सड़कों पर जमकर प्रदर्शन किया। सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा रहीं। इस बीच पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह ने पहुंचकर लोगों से बातचीत की एवं आरोपियों को जल्द ही पकड़कर गिरफतार करने हेतु आश्वास्त किया। खबर लिखे जाने तक देर शाम तक लोगों ने जन आक्रोश एवं नाराजगी देखने को मिली।**









कल्याणपुरा में शनिवार सुबह से ही बाजार बंद रहे और लोग सड़कों पर डटे रहे। एसडीओपी एवं डीएसपी समेत पुलिस के आला अधिकारी दिनभर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की जांच करते रहे। पुलिस ने कई जगहों पर दबिश देकर हर गली-कूचे में सुराग ढूंढने की कवायद की, लेकिन सफलता नही मिली। सीसीटीव्ही फुटेज में आरोपी दिखने के बाद भी अब तक गिरफतारी नहीं होने से क्षेत्र की जनता का गुस्सा ओर बढ़ गया। इस बीच रात में ही एसपी डॉ. शिवदयाल सिंह स्वयं कल्याणपुरा पहुंचे और जिन स्थान पर आगजनी एवं चोरी की घटना हुई। वहां बारिकी से निरीक्षण किया।

थाना प्रभारी के खिलाफ है तीव्र आक्रोश-उन्होंने पैदल घूमकर पूरे घटनास्थल की जांच की और मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

क्षेत्र की जनता में पुलिस थाना प्रभारी कल्याणुपरा के खिलाफ विरोध के स्वर बुलंद है। देर शाम तक आरोपी गिरफतार नहीं होने से क्षेत्र की जनता ने शासन-प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ लापरवाह पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई की मांग की।

### तनावपूर्ण माहौल बना रहा

क्षेत्र में देर शाम तक तनावपूर्ण वातावरण बना रहा। जनता में इस बात को लेकर आक्रोश रहा कि सीसीटीव्ही फुटेज में आरोपी दिखने के बावजूद पुलिस उन्हें अब तक गिरफतार क्यो नहीं कर पाई है। पुलिस प्रशासन पर भी लापरवाही के आरोप लगाए गए है। हॉलाकि इस पूरे मामले में पुलिस सघनता से जांच कर रहीं है एवं आरोपियों को गिरफतार करने की बात वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की ओर से कहीं जा रहीं है। खबर लिखे जाने तक कल्याणपुरा क्षेत्र में तनावपूर्ण और गहमागहमी भरा माहौल बना हुआ था।

# चार दिवसीय अनुष्ठान के साथ कार्तिक छठ महापर्व की हुई शुरूआत

## 27 अक्टूबर को अस्त होते सूर्यदेवता एवं 28 अक्टूबर को उदय होते सूर्य भगवान को दिया जाएगा अर्ध्य

### छठ माता की होगी पूजन



**झाबुआ।** भारत के बिहार, उत्तरप्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र, झारखंड आदि राज्यों में प्रमुखता से मनाया जाने वाले चार दिवसीय कार्तिक छट पर्व-2025 की शुरूआत 25 अक्टूबर, शनिवार से हो चुकी है। प्रथम दिन नहाय-खाय के साथ समाजजनों द्वारा सुबह जल्दी स्नान कर छठ माता का व्रत कर सात्विक भोजन ग्रहण किया गया। 27 अक्टूबर, सोमवार संध्याकाल अस्त होते सूर्यदेवता को अर्घ्य देने के साथ रात्रि जागरण कर 28 अक्टूबर मंगलवार को उदय होते होते सूर्य भगवन को अर्घ्य दिया जाएगा। इस दिन छठ माता की विशेष पूजन के साथ घरों में बने विशेष व्यंजन ग्रहण किए जाएंगे।

छठ महापर्व के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए श्रीमती रूबी ओमप्रकाश राय ने बताया कि त्रेतायुग में जब पांडव वनवास पर गए थे, तब माता कुंती ने यह पर्व मनाया था। देश सहित दुनियाभर में प्रत्येक सनानती परिवार के लोगों द्वारा इस पर्व को पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दौरान छठ माता की विधि-विधान से पूजनकर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना के साथ संतान प्राप्ति हेतु भी प्रार्थना की जाती है। चार दिवसीय छठ महापर्व 25 अक्टूबर, शनिवार से शुरू होकर 28 अक्टूबर, मंगलवार तक चलेगा। 26 अक्टूबर को भी समाजजनों द्वारा उपवास रखने के साथ 27 अक्टूबर, सोमवार संध्याकल समाजजनों द्वारा बहादुर सागर तालाब के घाट पर छठ माता की पूजन कर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।रात्रि जागरण कर अलसुबह उदय होते सूर्यदेवता की होगी पूजन इसके बाद घर पर आकर कोसी भरी जाएगी। इस दिन रात्रि जागरण कर भजन-किर्तन के साथ अगले दिन 28 अक्टूबर, मंगलवार अलसुबह उदय होते सूर्यदेवता की पूजन करने एवं अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय पर्व का समापन होगा। अंतिम दिवस घरों में विशेष व्यंजनों में ठेकुआ, गुड़ और चावल की खीर के साथ अन्य व्यंजनों को ग्रहण करने के साथ प्रसादी के रूप में वितरण किया जाएगा।



## मोबाईल और आधुनिक संसाधनों से दूर श्री संघ के बच्चें एवं युवा कर रहे प्रभु भक्ति

**झाबुआ।** स्थानीय श्री ऋषभदेव बावन जिनालय में प्रत्येक गुरुवार रात 8 बजे से प्रभु भक्ति का आयोजन किया जा रहा है। जिस में सभी प्रभु भक्त बड़े उल्लास और पूरी लग्नता के साथ प्रभु संग अपना मन लगाकर भक्ति का आनंद ले रहे है।

उल्लेखनीय है कि आज के युग में बच्चें एवं युवा जहां मूवी देखने जाते है और दिनभर मोबाईल, कम्प्यूटर, मोटरसाईकिल तथा अन्य आधुनिक संसाधनों में व्यस्त रहते है, उस दौर में झाबुआ श्री संघ के बच्चें एवं युवा धर्म में अपना मन लगा रहे है। जिससे आने वाली पीढ़ी भी धर्म के मार्ग पर प्रशस्त होकर उनके जीवन का कल्याण हो सकेगा। इस आयोजन में श्री संघ का पूर्ण सहयोग मिल रहा है। भक्ति में पधारे सभी भक्तजनों को पुण्यशाली परिवार द्वारा प्रभावना देकर लाभ लिया जा रहा है। बीते गुरुवार को हुए आयोजन में श्री संघ अध्यक्ष संजय मेहता, मीडिया प्रभारी रिंकू रुनवाल, रचित कटारिया, संस्कार मेहता, लक्ष्य घोड़ावत, सिद्धम जैन, प्रितेश मेहता, आगम संघवी, कमलाबाई मुथा, कविता मेहता, सपना संघवी, रचिता कटारिया, भवी संघवी, तमन्ना संघवी, देशना संघवी, माही संघवी, परी रुनवाल, गीतिका रुनवाल, वंशिका रुनवाल सहित पाठशाला के नन्हें विद्यार्थियों ने हिस्सा लेने के साथ भक्ति में झूम उठे। आगामी भक्ति कार्यक्रम 30 अक्टूबर, गुरुवार को बावन जिनालय में होगा। आज ज्ञान पंचमी आराधना पर्व मनाया जाएगा श्री संघ मीडिया प्रभारी रिंकू रूनवाल ने बताया कि 26 अक्टूबर, रविवार को परम् पूज्य साध्वी रत्नरेखा श्रीजी मसा आदि ठाणा 3 की पावनकारी शुभ निश्रा में श्री ऋषभदेव बावन जिनालय पर ज्ञान पंचमी आराधना पर्व मनाया जाएगा।

# विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया

**झाबुआ.** शनिवार को पुलिस महानिरीक्षक, इंदौर (ग्रामीण) जोन, इंदौर श्री अनुराग द्वारा झाबुआ जिले के दो दिवसीय भ्रमण के द्वितीय दिवस पर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया।



इस अवसर पर अनुराग द्वारा दिशा लर्निंग सेंटर (लाईब्रेरी), जिम, केंद्रीय पुलिस कैंटीन तथा पुलिस पेट्रोल पंप का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उन्होंने सुविधाओं के रखरखाव, स्वच्छता एवं कर्मचारियों के उपयोग हेतु उपलब्ध संसाधनों की गुणवत्ता का भी मूल्यांकन किया।इसके उपरांत कंट्रोल रूम, झाबुआ में सभी अनुविभागीय अधिकारी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान पुलिस महानिरीक्षक महोदय ने अनुभागवार हवालात चेकिंग, खात्मा एवं खारजी प्रकरणों की स्थिति, गंभीर अपराधों की पर्यवेक्षणीय समीक्षा, अनसुलझे गंभीर प्रकरणों, मर्ग प्रकरण, लंबित शिकायतें तथा चिन्हित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। पुलिस महानिरीक्षक ने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं निष्पक्ष निपटान हेतु निर्देश दिए।

एक नजर

समस्त श्रीराम एवं हनुमान भक्तों से अधिकाधिक संख्या में पधारकर लाभ लेने हेतु भावभरी अपील

# तीन दिवसीय श्री हनुमान चरित्र कथा का तैयारियां हुई पूर्ण

**झाबुआ। श्री संकट मोचन सेवा समिति हनुमान टेकरी एवं श्री कष्टभंजनदेव भक्त मंडल द्वारा शहर के लक्ष्मीनगर स्थित अंबा रिसोर्ट पर होने वाली तीन दिवसीय श्री हनुमान चरित्र कथा की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कथा का समय प्रतिदिन रात 8 से 11 बजे तक रखा गया है। जिसमें कथा वाचक श्री सालंगपुर धाम गुजरात के सुप्रसिद्ध संत, वक्ता एवं शास्त्री स्वामी श्री हरिप्रकाशदासजी (अथाणावाला) के मुखारविन्द से श्री हनुमान भगवान के बाल्याकाल से लेकर चिंरजीवी होने तक का समधुर संगीतमय तरीके से वर्णन होगा।**



आयोजन समिति ने कथा की तैयारियां पूर्ण कर ली है। घर-घर जाकर आमंत्रण-पत्रिकाओं का वितरण के साथ निवेदन यात्रा भी निकाली जा चुकी है। कथा आयोजन को लेकर आयोजन समिति के साथ समस्त भक्तजनों में विशेष उत्साह है। कथा का श्रवण करने हेतु ना केवल झाबुआ शहर अपितु संपूर्ण जिले समीपस्थ राजगढ़, धार, रतलाम जिले के साथ दाहोद (गुजरात), कुशलगढ़, बांसवाड़ा (राजस्थान) आदि स्थानों से भी सैकड़ों भक्तजन पहुचेंगे। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार श्री हनुमान चरित्र कथा में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागरसिंह चौहान, आदिम जाति कल्याण मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, सांसद अनिता चौहान, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, क्षेत्रीय विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया, पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर, भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया, नगरपालिका अध्यक्ष कविता सिंगार, नपा उपाध्यक्ष लाखनसिंह सोलंकी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश रांका को आमंत्रित किया गया है। वहीं विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति बृजेन्द्र चून्नू शर्मा, सुरेशचन्द्र जैन 'पप्पू सेठ', वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेष दुबे और सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉ. नीरजसिंह राठौर मौजूद रहेंगे।

### यह रहेगा पूरा कार्यक्रम

निर्धारित कार्यक्रम के तहत 27 अक्टूबर, सोमवार दोपहर 12 बजे श्री कष्टभंजनेदव सालंगपुर धाम गुजरात से सुप्रसिद्ध संत श्री हरिप्रकाशदास स्वामीजी, श्री नीलकंठ भगत एवं अन्य संतों का झाबुआ आगमन होगा। कथा स्थल अंबा रिसोर्ट पर आयोजन समिति द्वारा संतागणों का आत्मीय अभिनंदन किया जाएगा। इसी दिन दोपहर 2.30 से दिलीप क्लब प्रांगण से भव्य शोभायात्रा ढोल-धमाकों, बैंड-बाजों और ताशों के साथ निकाली जाएगी। जिसमें जिले की संस्कृति के अनुरूप आदिवासी नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। विशेष बग्गी में संतगण विराजमान रहेंगे। यह यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए राजवाड़ा पर समापन होगा। संध्याकाल 7.20 बजे कथा स्थल पर श्री कष्टभंजनदेवजी की तस्वीर विराजमान कर दीप प्रज्जवलन एवं शाम 7.30 बजे श्री कष्टभंजनदेव को फलों का भोग लगाया जाएगा। बाद रात 8 से 11 बजे तक मंगल प्रवचन होंगे। इसी प्रकार 28 अक्टूबर, मंगलवार शाम 7.30 बजे श्री कष्टभंजनदेव की तस्वीर पर दीप प्रज्जवलन एवं 7.30 बजे श्री कष्टभंजनदेव को चॉकलेट का भोग लगाया जाएगा। पश्चात् रात 8 से 11 बजे के मध्य स्वामीजी के मंगल प्रवचन होंगे। अंतिम दिवस 29 अक्टूबर, बुधवार शाम 7.30 बजे श्री कष्टभंजनदेवजी को छप्पन भोग लागकर रात 8 से 11 बजे स्वामीश्री के मंगल प्रवचन होंगे।

### स्वामीजी की घर-घर होगी पदरावणी

इसके साथ ही दोपहर में स्वामीजी की शहर के भक्तजनों के यहां पदरावणी (घर-घर आगमन) भी होगा। कथा के मुख्य यजमान श्रीमती मंजुला गजानंद पुरोहित परिवार है एवं सह-यजमान 27 अक्टूबर के अशोक सिंगार सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर एवं गौरव बाबूलाल पाठक, 28 अक्टूबर के रतन जांगिड डायरेक्टर हिन्दूस्तान बायो फयूल एवं 29 अक्टूबर के श्रीमती कृष्णा विद्याराम शर्मा लाभार्थी परिवार रहेंगे। शोभायात्रा के यजमान किन्नर समाज प्रमुख रानी बहन एवं शोभायात्रा में आदिवासी नृत्य दल के यजमान सुभाष गिधवानी शक्ति एंपोरियरम के साथ कथा स्थल की सजावट के लाभार्थी सचिन राजेन्द्रप्रसाद जोशी है। इसके साथ ही कई अन्य व्यस्थाओं के भी लाभार्थी एवं यजमान तय किए गए है। आयोजन समिति ने समस्त श्रीराम एवं हनुमान भक्तों से तीन दिवसीय श्री हनुमान चरित्र कथा में अधिकाधिक संख्या में पधारकर लाभ लेने हेतु अपील की है।